# कार्यालय
# वन संरक्षक, मध्य परिमंडल, रोहतक
# वन विभाग, हरियाणा सरकार

वन कॉम्प्लेक्स, झंग कालोनी, नजदीक विजय पार्क, रोहतक, दूरभाष/फैक्स : 01262-256156, E-mail : cfrohtak601@gmail.com

क्रमांक 3428 दिनांक 02/02/2026

सेवा में,

अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (FCA),
हरियाणा, पंचकूला ।

**विषय:-** **Diversion of 0.0088 Ha. of forest land for access to Chakrin Digital Textiles Pvt. Ltd. On Naultha to Mandi Road (ODR) Near KM Stone No. 5, Village Palri, Tehsil Israna, under Forest Division & Distt. Panipat, Haryana(Proposal No. FP/HR/Road/436216/2023.**

संदर्भ:- आपका पत्र क्रमांक FCA/E-937365/755 दिनांक 30-10-2025.

-------x-------

उपरोक्त विषय के संबंध में संदभांकित पत्र द्वारा दिये गए निर्देशों की अनुपालना में निम्नहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 03-11-2025 को उप वन संरक्षक, पानीपत के साथ मौका स्थल का संयुक्त का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा मौके पर कुछ टाईल का कार्य किया पाया गया। जिसके उपरांत निम्नहस्ताक्षरी द्वारा मौके पर उप वन संरक्षक, पानीपत व वन राजिक अधिकारी, पानीपत को उक्त साईट का रोड़ मैप भिजवाने बारे मौखिक निर्देश दिये गए ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा वायलेशन किया गया है या नहीं। यदि वायलेशन किया गया है तो कितना क्षेत्र बाधित होगा उसका अनुमान लगाया जा सके । जिसके उपरांत इस कार्यालय द्वारा लिखित में भी उप वन संरक्षक, पानीपत को निर्देश दिए गए कि वे उक्त साईट का रोड़ मैप तथा तदानुसार संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट परिमंडल कार्यालय में भिजवाये । जिसके उपरांत उप वन संरक्षक, पानीपत ने उनके कार्यालय के पत्र क्रमांक 1712 दिनांक 22-01-2026 (प्रति सलंग्न) द्वारा मौका स्थल की संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट तथा वन अपराध रिपोर्ट भेजते हुए अवगत करवाया कि प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा कुल 264 Sqm की वायलेशन करके टाईल बिछाई गई है जिसकी लम्बाई 44 मीटर व चौड़ाई 6 मीटर अंकित की गई है। अतः उक्त पत्र के साथ मौकास्थल की संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट तथा पाई गई वायलेशन की विरुद्ध जारी की गई वन अपराध रिपोर्ट पत्र के साथ सलंग्न आपकी सेवा में प्रेषित है।

सलंग्न - उपरोक्त

**वन संरक्षक,**
**मध्य परिमंडल, रोहतक।**

पृ0क्रमांक दिनांक

इसकी एक प्रति उप वन संरक्षक,, पानीपत को उनके कार्यालय के पत्र क्रमांक 1712 दिनांक 22-01-2026 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**वन संरक्षक,**
**मध्य परिमंडल, रोहतक।**

# कार्यालयः-

## उप वन संरक्षक, (क्षेत्रीय) पानीपत।

## वन विभाग, हरियाणा सरकार

वन परिसर असन्ध रोड़, पानीपत, दूरभाष/ फैक्स न0:- 0180-2650331 E-Mail:- dfopanipat04@yahoo.co.in


---

क्रमांकः- FCA/152182/ 1712 दिनांकः- 22/01/26

सेवा में :-

वन संरक्षक,
मध्य परिमण्डल, रोहतक।

विषय : **Diversion of 0.0088 Ha. Forest Land for access to Chakrin Digital Textiles Pvt. Ltd. on Naultha to Mandi Road (ODR) Near KM stone No. 5, Village Palri, Tehsil Israna, District Panipat (HR). Proposal No.FP/HR/Approach/152182/2022 Date of Proposal:- 10-02-2022**

सन्दर्भ:- आपके कार्यालय के पत्र क्रमांक 7286 दिनांक 09.01.2026 के निरन्तर में।

.............

उपरोक्त विषयांकित प्रस्ताव में अति0 प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एफ0सी0ए0), हरियाणा, पंचकुला ने अपने कार्यालय के पत्र क्रमांक 755 दिनांक 30.10.2025 को वन संरक्षक, मध्य परिमण्डल, रोहतक व वन मण्डल अधिकारी, पानीपत को संयुक्त मौका निरीक्षण करके रिपोर्ट भिजवाने बारे निर्देशित किया गया है।

आपके द्वारा दिनांक 03.11.2025 को प्रस्तावित स्थल का संयुक्त मौका निरीक्षण किया गया था, जिसमें मौका निरीक्षण के दौरान प्रयोक्ता एजैन्सी द्वारा वन भूमि पर टाईल का कार्य किया हुआ पाया गया। जिसके सम्बन्ध में वन राजिक अधिकारी, पानीपत द्वारा अपने पत्र क्रमांक 571 दिनांक 16.01.2026 द्वारा वन अपराध रिपोर्ट मण्डल कार्यालय में भेजी गई है। जिसमें प्रयोक्ता एजैन्सी द्वारा कुल 264 Sqm की वाईलेशन करके टाईल बिछाई गई है, जिसकी लम्बाई 44 मीटर व चौडाई 6 मीटर अकिंत की गई है।

अतः आपको वन राजिक अधिकारी द्वारा भेजी गई वन अपराध रिपोर्ट तथा वाईलेशन बारे विस्तृत रिपोर्ट आपको आगामी कार्यवाही हेतू प्रेषित है।

च

उप वन संरक्षक
पानीपत

## ANNEXURE-I

## वन (संरक्षण एवं सर्वधन) अधिनियम 1980/2023 की उल्लंघना बारे विस्तृत रिपोर्ट

**Sub:- Diversion of 0.0088 Ha. Forest Land for access to Chakrin Digital Textiles Pvt. Ltd. on Naultha to Mandi Road (ODR) Near KM stone No. 5, Village Palri, Tehsil Israna, District Panipat (HR).**
**Proposal No.FP/HR/Approach/152182/2022 Date of Proposal:- 10-02-2022**

::::::::::::::::::::::::::::::

विष्याकिंत केस ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने उपरान्त इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 727 दिनांक 13.09.2022 को वन संरक्षण अधिनियम,निति/नार्मज अनुसार तैयार करके मुख्य वन संरक्षक मध्य परिमण्डल रोहतक को ऑनलाईन के माध्यम से कुल 0.0088 है0 वन भूमि के गैर वानिकी कार्य हेतू अगामी कार्यवाही हेतू भेज दिया गया था। उस समय प्रयोक्ता ऐैजन्सी द्वारा मौका पर किसी प्रकार का कोई कार्य/ वायलेशन नही किया गया था।

अति0 प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एफ0सी0ए0), हरियाणा, पंचकुला ने अपने कार्यालय के पत्र क्रमांक 755 दिनांक 30.10.2025 को वन संरक्षक, मध्य परिमण्डल, रोहतक व वन मण्डल अधिकारी, पानीपत को संयुक्त मौका निरीक्षण करके रिपोर्ट भिजवाने बारे निर्देशित किया गया है। जिसके सन्दर्भ में वन संरक्षक, मध्य परिमण्डल, रोहतक द्वारा दिनांक 03.11.2025 को प्रस्तावित स्थल का संयुक्त मौका निरीक्षण किया गया, जिसमें मौका निरीक्षण के दौरान प्रयोक्ता एजैन्सी द्वारा वन भूमि पर टाईल का कार्य किया हुआ पाया गया। मौका निरीक्षण उपरान्त वन राजिक अधिकारी, पानीपत को मण्डल कार्यालय के पत्र क्रमांक 1656 दिनांक 30.12.2025, पत्र क्रमांक 1741 दिनांक 07.01.2026 व अर्ध सरकारी पत्र क्रमांक 1813 दिनांक 16.01.2026 द्वारा प्रस्तावित स्थल पर की गई वाईलेशन बारे रिपोर्ट/वन अपराध रिपोर्ट भिजवाने बारे निर्देशित किया गया। जिसके सन्दर्भ में वन राजिक अधिकारी, पानीपत द्वारा अपने पत्र क्रमांक 571 दिनांक 16.01.2026 द्वारा वन अपराध रिपोर्ट मण्डल कार्यालय में भेजी गई है। जिसमें प्रयोक्ता एजैन्सी द्वारा कुल 264 Sqm की वाईलेशन करके टाईल बिछाई गई है, जिसकी लम्बाई 44 मीटर व चौडाई 6 मीटर अकिंत की गई है।

इसके अतिरिक्त प्रयोक्ता एजैनसी द्वारा प्रस्ताव में PWD विभाग द्वारा जारी स्वीकृति तथा ले-आउट प्लान अनुसार रोड की चौडाई 5.50 मीटर व कच्चा बर्म दोनों साईड में 6.47 मीटर अकिंत किया हुआ है, जोकि रोड व कच्चा बर्म का कुल एरिया 11.97 मीटर दर्शाया गया है। रिवेन्यू विभाग द्वारा सिचरा में उक्त रोड 11 करम का अकिंत है। प्रयोक्ता एजैनसी द्वारा की गई वाईलेशन बारे विस्तृत रिपोर्ट आपकी सेवा में आगामी कार्यवाही हेतू प्रेषित है।

संलग्न-उपरोक्त।

उप वन संरक्षक,
पानीपत

Conservator of Forests,
Central Circle, Rohtak.
30-01-2026

# वन विभाग, हरियाणा सरकार।

## कार्यालयः– वन राजिक अधिकारी, पानीपत, हरियाणा।

वन परिसर,आर्य नगर असन्ध रोड, पानीपत। फोनः–0180–2650155 ई–मेलः–rfopanipat@yahoo.in


क्रमांकः– 571

दिनांकः– 16/1/26

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
पानीपत।

विषयः– **Diversion of 0.0088 Ha. forest land for access to Chakrin Digital Textiles Pvt. Ltd. On Naultha to Mandi road (ODR) Near KM stone No. 5, Village Palri,Tehsil Israna,District Panipat (HR). Proposal No. FP/HR/Approach/152182/2022.**

संदर्भः– आपके कार्यालय पानीपत के पत्र क्रमांक 1741 दिनांक 07.01.2026.

.....................

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में आपको अवगत कराया जाता है कि वन संरक्षक,मध्य परिमण्डल, रोहतक द्वारा दिनांक 03.11.2025 को प्रस्तावित स्थल का संयुक्त मौका निरीक्षण किया गया था, जिसमें मौका निरीक्षण के दौरान प्रयोक्ता एजैन्सी द्वारा वन भूमि पर टाईल का कार्य किया हुआ पाया गया। वन संरक्षक,मध्य परिमण्डल, रोहतक के निर्देशानुसार उक्त भूमि की वन अपराध रिपोर्ट नं0. 078/0347 दिनांक 01.12.2025 को चॉक कर दी गई थी। यह आपको आगामी आवश्यक कार्यवाही करने हेतू प्रेषित है।

Rambir Singh

वन राजिक अधिकारी
पानीपत।

20/01/26

DRK NO - 12/2025-26 (road)

Sh Sunil Kumar, Forester do needful timely
Ranbir Singh

# वन अपराध रिपोर्ट

वन विभाग, हरियाणा सरकार

FOR Book No. 0347

FOR No. 078

| | |
|---|---|
| वन मण्डल | Panipat |
| रेंज/ब्लॉक/बीट | Panipat / Israna / Naultha |
| रीच/जगह का नाम | Naultha to Chamrara road KM 4 to 5 L/side |
| FOR No. (Date, Day & Time) | 078/0347 01/12/2025 afternoon |
| रिपोर्ट जारी करने वाले का नाम | Sh Arvind Hooda |
| अपराध की जानकारी का स्रोत | स्वयं द्वारा गश्त / मुखबीर द्वारा / शिकायत |
| अपराध होने के तारीख/दिन/समय | |
| जांच अधिकारी का नाम व पद | Sh Sunil Kumar, Forester |
| अपराध/घटना का विवरण संलग्न | नहीं / यदि हां तो पृष्ठ संख्या |
| उल्लंघना किया गया अधिनियम | सैक्शन |
| भारतीय वन अधिनियम 1927 | 32, 33(C) |
| वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 | |
| पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम 1900 | |
| भारतीय दण्ड संहिता | |

| अपराधी का विवरण | नाम | पिता का नाम | उम्र | जाति | पता |
|---|---|---|---|---|---|
| | Chakkin Digital Textiles Pvt. Ltd | | | | |
| | MS - Rachit S/O Dalel | Village Potli, Tehsil Israna Distt Panipat | | | |

जब्त किये गये सामान का विवरण

| जब्त वन उपज का विवरण | प्रजाति | किस्म/साइज | संख्या | मूल्य | मुआवजा राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| जब्त व्हीकल का विवरण | प्रकार | रजिस्ट्रेशन नं0 | रंग | मॉडल | उत्पादन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| औजार/हथियार | | | | | |
| अन्य, यदि कोई हो | Enchroachment → | 44 m X 6 m = | 264 $m^2$ | | |

| सही को चिन्हित करें | | | |
|---|---|---|---|
| | नजरी नक्शा जी0पी0एस0 रीडिंग सहित ✓ | संलग्न किया है/तैयार नहीं किया गया | यदि हां तो पृष्ठ संख्या |
| | फोटोग्राफ ✓ | संलग्न/तैयार नहीं किया गया | |
| | विडियोग्राफी ✓ | संलग्न/तैयार नहीं किया गया | |

R.O.A.C.

Arvind Hooda
बीट इन्चार्ज

मुखबीर/शिकायतकर्ता/गवाह के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान

व0 रा0 अ0 Panipat
नाम Sh. Ranbir Singh
रेंक Deputy R.F.O.
दिनांक 02/12/2025
Ranbir Singh

Sunil Kumar
I/C Israna

आरोपी का हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान